इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालिज, मेरठ

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (पूर्व में मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ) से सम्बद्धता प्राप्त

*नॉक द्वारा **A** ग्रेड मूल्यांकित कालिज*

दिनांक 14.09.2021

प्रेस विज्ञप्ति

इस्माईल नेशनल महिला पी0जी0 कॉलिज, मेरठ में दिनांक 14–09–2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई द्वारा विश्व हिन्दी दिवस के उपलक्ष में हिन्दी सुलेख कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में श्रीमति मीनू शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी तृतीय इकाई ने प्राचार्या जी एवं निर्णायक मंडल में सम्मिलित विशेष अतिथियों को माल्यापर्ण कर स्वागगत किया। प्राचार्या जी डा0 हुमा मसूद जी ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल में सम्मिलित डा0 वन्दना शर्मा, मनोविज्ञान विभागाध्यक्षा, डा0 पारूल त्यागी, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा तथा डा0 विनेता, मनोविज्ञान विभाग ने स्वरचित कविता पाठ कर हिन्दी भाषा की सरलता एवं सुमधुरता का महिमामंडन किया। प्रतियोगिता में कु0 मीनाक्षी पाल, गीताजंली सूद एवं शबनूर नाज ने क्रंमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में तृतीय इकाई की लगभग 40 स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभागिता की एवं महाविद्यालय की शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति मीनू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में श्री अमित, श्री दिनेश, श्री आशीष एवं श्री राकेश का भी सहयोग रहा।

सेवा में,

सम्पादक / सम्पादिका
कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति छापने की कृपा करें।

डॉ0 दीपा त्यागी
प्रेस प्रवक्ता

इस्माईल नेशनल महिला पीजी कालिज, मेरठ

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (पूर्व में मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ) से सम्बद्धता प्राप्त

*नॉक द्वारा **A** ग्रेड मूल्यांकित कालिज*

दिनांक 14.09.2021

प्रेस विज्ञप्ति

इस्माईल नेशनल महिला पी0जी0 कॉलिज, मेरठ में दिनांक 14–09–2021 को बी0एड0 विभाग में हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर विभाग द्वारा ''भावाभिव्यक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका प्रकरण भारत वर्ष की है पहचान, हिन्द, हिन्दी, हिन्दुस्तान रहा। प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्‌देश्य छात्राओं में मातृभाषा, साहित्यिक अभिरूचि जाग्रत करने एवं भावात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 हुमा मसूद, डा0 दीपा त्यागी, हिन्दी विभागाध्यक्षा व डा0 सपना शर्मा, संस्कृत विभागाध्यक्षा को आमन्त्रित किया गया तथा विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता एवं कार्यवाहक डा0 वन्दना भारद्वाज जी ने प्राचार्या व निर्णायक मंडल को पुष्प माला देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा0 हुमा मसूद जी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करा कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अपनी–अपनी भावाभिव्यक्ति की सुन्दर प्रस्तुती दी। इसके बाद निर्णायक मंडल में उपस्थित डा0 दीपा त्यागी जी एवं डा0 सपना शर्मा द्वारा दिये गये परिणामों के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार क्रमशः बी0एड0 द्वितीय वर्ष की

को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

प्रतियोगिता में उपस्थित सभी निर्णायक मंडल के सदस्यों को उनके सम्मान में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भी दिये गये। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना जाग्रत होती है।

इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन बी0एड0 विभाग की प्रवक्ता डा0 मीना कुमारी तोमर ने किया। इस अवसर पर विभाग की सभी प्रवक्ताओं ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

सेवा में,

सम्पादक / सम्पादिका
कृपया उक्त प्रैस विज्ञप्ति छापने की कृपा करें।

डॉ0 दीपा त्यागी
प्रेस प्रवक्ता